**Regarding Need to provide financial assistance to farmers who lost their crops due to heavy rain in Bihar particularly in Maharajganj Parliamentary Constituency-Laid**

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज) :** जलवायु परिवर्तन के कारण विगत महीनों में मानसून काल समाप्त होने के बाद भी,बिहार विशेषकर सारण प्रमंडल, जिसमे मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज भी आता है, मे लगातर कई दिनों तक हुई भारी जलवृष्टि से किसानों को बड़े पैमाने पर हुए नुकसान की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ l बिहार राज्य में लगभग 56.03 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है l इसमें लगभग 05 लाख हेक्टेयर में सारण प्रमंडल के किसान अपनी खेती-बाड़ी करते हैंl भारी जलवृष्टि से किसानों की खरीफ की फसल लगभग पूर्ण रूप से बर्बाद हो गई है और रबी फसल की बुआई भी बड़े स्तर पर प्रभावित हो रही हैl ऐसे में किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो गयी हैl किसानों के लिए धन का स्रोत एक मात्र कृषि ही हैं l अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि केन्द्र के स्तर से एक टीम भेजकर अति जलवृष्टि से मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज सहित बिहार के किसानों को हुए भारी क्षति/नुकसान का आकलन कराया जाये और प्रभावित किसानों को राष्ट्रीय आपदा के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए।